# तूने की है कृपा | by Gyan Pankaj

जी रहे हैं प्रभु हम तेरी मौज में
तूने की है कृपा और क्या चाहिए
हम तेरे हो गए हैं तुझे है खबर
तू हमारा हुआ और क्या चाहिए
जी रहे ह ऐन प्रभु...........

पास अपने फटकता कोई ग़म नहीं
शान अपनी ज़माने में भी कम नहीं
हीरे मोती बने जो थे कंकर कभी
तूने ऐसा छुआ और क्या चाहिए
जी रहे ह ऐन प्रभु...........

तेरी दातारी का हम करें शुक्रिया
भाग्य में जो न था वो भी तूने दिया
हम गरीबों की दुनिया सँवारी प्रभु
तू मेहरबां हुआ और क्या चाइये
जी रहे ह ऐन प्रभु...........

सिलसिला ये निरंतर ही चलता रहे
तू बुलाता रहे हमसे मिलता रहे
कोई ख्वाहिश ना पंकज की बाकी रही
तू मुझे सुन रहा और क्या चाहिए
जी रहे ह ऐन प्रभु...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-by-gyan-pankaj/